कागज़ का निर्यात

1412. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1994-95 में कितना और कितनी राशि का कागज विदेशों को भेजा गया और किन-किन देशों को भेजा गया;

(ख) निर्यात किए गए कागज में अखबारी-कागज और वाईट पेपर की मात्रा कितनी-कितनी थी और मूल्य क्या-क्या था; और

(ग) इनको किन-किन दरों पर निर्यात किया गया था?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी॰ चिदम्बरम्): (क) नवीनतम आंकड़े अप्रैल, 1994 से फरवरी, 1995 तक के उपलब्ध है। इस अवधि के दौरान 78.63 करोड़ रुपये मूल्य के विभिन्न प्रकार के 33,757 मी॰ टन कागज़ का निर्यात किया गया। देशवार आंकड़े डी.जी.सी.आई.एण्ड एस. द्वारा प्रकाशित "फारेन ट्रेड स्टेटिस्टिक्स आफ इंडिया" में दिए गए हैं, जिसकी प्रति संसद पुस्तकालय में उपलब्ध है।

(ख) उपर्युक्त निर्यात आंकड़ों में 8.64 करोड़ रुपये का 3608 मी॰ टन अखबारी कागज भी शामिल है। सफेद कागज के लिए अलग से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(ग) दरें अलग-अलग होती हैं जो गुणवत्ता, आकार, विशिष्टता और बाजार शक्तियों जैसे विभिन्न तथ्यों पर निर्भर करती हैं।

औद्योगिक विवाद अधिनियम में संशोधन

1413. **चौधरी हरमोहन सिंह:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार औद्योगिक विवाद अधिनियम में संशोधन करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार उक्त संशोधन को संसद के सम्मुख कब ला रही है?

श्रम मंत्री (श्री पी॰ए॰ संगमा): (क) से (ग) नये औद्योगिक संबंध कानून संबंधी रामानुजम समिति द्वारा की गई सिफारिशों और विभिन्न मंचों पर किये गये विचार विमर्श के आधार पर तथा औद्योगिक पुनर्संरचना संबंधी अंतर मंत्रालयीन ग्रुप की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 में संशोधन के लिए उचित समय पर विचार-विमर्श करने और अंतिम रूप देने हेतु विशिष्ट प्रस्ताव तैयार किये गये हैं।

Enhancement of Levy Sugar Allocated to States

1414. SHRI RAHASBIHARI BARIK: Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) whether Government have a proposal to enhance the levy sugar allocation to different States in view of the comfortable stock position of sugar in the Central Pool;

(b) if so, the allocation of sugar made to different States at present;

(c) the percentage of increase proposed to be made in the allocation of sugar to different States;

(d) the date from which the allocation is proposed to be enhanced; and

(e) the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI BUTA SINGH): (a) Yes, Sir.

The normal monthly allocation of sugar made to different States/UTs is given in the enclosed Statement *(see below)*.

(c) to (e) Central Government has decided to increase the allocations of levy sugar to all States/UTs by five per cent on an ad-hoc basis with effect from September, 1995. Such an ad-hoc five per cent increase in the allocation was given to the States/UTs earlier (from September, 1991 to March 1994) also.